कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / परीक्षा एफ–20 / 2025 / 827 रायपुर, दिनांक 26/03/25

उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (वि. / यां.) पदों की भर्ती परीक्षा (PHSE25) का ऑनलाइन आवेदन बाधित एवं अंतिम तिथि में वृद्धि विषयक विज्ञप्ति

छ.ग. व्यापम, नवा रायपुर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नवा रायपुर, (छ.ग.) के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (वि. / यां.) के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा हेतु व्यापम की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 11.03.2025 से 01.04.2025 तक आमत्रित किये जा रहे हैं ।

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का पत्र क्र. एफ 3–6 / 2025 / 34–1 अटल नगर, नवा रायपुर, दिनांक 26.03.2025 के माध्यम से विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि डिग्रीधारी अभ्यर्थियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में याचिका क्र. WPS No. 1983 of 2025 एवं WPS No. 2012 of 2025 दायर किया गया है । उक्त याचिका के अंतरिम आदेश दिनांक 25-03-2025 अनुसार डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को भी ऑनलाइन आवेदन किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है ।

उपरोक्त याचिका के अनुपालन में व्यापम स्तर पर ऑनलाइन आवेदन में संशोधन किया जा रहा है । अतः दिनांक 27.03.2025 को सुबह से सायं 5:00 बजे तक उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (वि. / यां.) (PHSE25) ऑनलाइन आवेदन की सुविधा बाधित रहेगी । एक दिवस बाधित होने के कारण ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक 02.04.2025 को सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है व त्रुटि सुधार की सुविधा दिनांक 03.04.2025 से 05.04.2025 तक है।

JSingh 26/3/25

संयुक्त नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

26.3.25

o/c